नई दिल्ली। सोमवार • 9 मार्च • 2020 राष्ट्रीय सहारा

महिला दिवस : दो पिंक मेट्रो स्टेशनों की सौगात

नोएडा (एसएनबी)। महिला दिवस पर एनएमआरसी ने एक्वा लाइन कॉरिडोर के दो स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाकर महिलाओं को सौगात दी है। इन स्टेशनों पर स्तनपान कराने, चेंजिंग रूम समेत तमाम विशेष सुविधाएं महिलाओं को मिलेंगी। एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने फीता काटकर इन स्टेशनों को लोकार्पण किया। इस मौके पर केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की पत्नी मुख्य अतिथि के रूप में व प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन की पत्नी रीना टंडन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। सीईओ ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह छोटा सा प्रयास महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा की नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन महिलाओं के लिए कई खास सुविधाएं पिंक स्टेशन पर देगा जिसमें बेबी फीडिंग रूम, डायपर चेंजिंग सुविधा और वेनिटी-कम चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन स्टेशनों पर सिर्फ महिला स्टॉफ की तैनाती की गई है।

एनएमआरसी ने सेक्टर-76 व परी चौक को बनाया पिंक स्टेशन

इन स्टेशनों पर महिलाओं को मिलेगी तमाम सुविधाएं

कार्यक्रम की शुरुआत में बेस्ट स्मार्ट सिटी इम्पावरिंग इंडिया अवार्ड-2020 से प्राधिकरण को नवाजे जाने पर सीईओ रितु माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। रितु माहेश्वरी ने कहा कि एनएमआरसी में विभिन्न पदों पर 25 से 30 प्रतिशत महिला कर्मचारी काम कर रही हैं। इससे साफ पता चलता है कि महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं। सीईओ ने बेहतर काम करने छह महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें बेस्ट फीमेल स्टेशन कंट्रोल के लिए अनुप्रिया सेन, बेस्ट फीमेल ट्रेन ऑपरेटर के लिए निशा, बेस्ट फीमेल सिग्नल सुपरवाइजर के लिए आंकाक्षा श्रीवास्तव, बेस्ट फीमेल रॉलिंग स्टॉक सुपरवाइजर के लिए मधुलिका कुमारी, बेस्ट फीमेल इलेक्ट्रीकल मेनटेनर के लिए भावना अहिरवार, बेस्ट फीमेल ट्रैक मेनटेनर के लिए कुसुम देवी व बेस्ट फीमेल सिविल ट्रैक सुपरवाइजर के लिए नेहा राय को अवार्ड दिया गया।

सभी स्टेशनों पर लगी सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन

: सभी मेट्रो स्टेशनों पर सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई है। इस मशीन को संचालित करने के लिए टोकन सभी स्टेशनों के कस्टमर केयर काउंटर पर उपलब्ध होंगे। इन मशीनों को मास एनजीओ ने अपने अभियान निर्मल्य-एक कोमल पहल के तहत एसीई ग्रुप के सहयोग से स्थापित किया है। ये सभी सुविधाएं महिलाओं को मुफ्त में दी जाएंगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नोएडा सेक्टर-76 में पिंक स्टेशन का उद्घाटन करतीं सचिव केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की पत्नी पम्पी गौबा, नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन की पत्नी रीना टंडन व नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी। फोटो : एसएनबी